राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520

क्रमांकः प.14(44)RSMSSB/अर्थना/लिपिक ग्रेड–II/2018/ 1655 दिनांकः 28/1/2020

–:: कार्यालय आदेश ::–

लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में रिक्त पदों के विरूद्ध वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया जाकर दिनांक **23.12.2019** से दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच की जा रही है। इस दौरान 10 अभ्यर्थियों को श्रेणी एवं लिंग संशोधन के पश्चात निम्नांकित सूची के अनुसार सूचीबद्ध किया गया है। इन अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन का अवसर दिए जाते हुए सूचित किया जाता है कि वे दिनांक **08.02.2020** को प्रातः 11:00 बजे **गुरू नानक संस्थान, आदर्श नगर, जयपुर** आवश्यक रूप से मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होकर विस्तृत आवेदन पत्र दो प्रतियों में जमा कराएं। उक्त 10 अभ्यर्थियों के रोल नम्बर निम्नांकित हैं।

1126807	1188195	1242529	1519791	1630805
1704210	1730173	1753570	2033660	2192720

उक्त सूचना के बाद भी यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होता है तो उसे दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच में अनुपस्थित माना जाएगा तथा उसके नाम पर लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक के पद पर चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। इसके लिए पुनः अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

01. अभ्यर्थी अपने संबंधित केन्द्र क्रमांक पर तय समय सीमा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
02. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 के लिये जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर **Candidate Corner** में उपलब्ध है।
03. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग भरना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जाएगी। विस्तृत आवेदन की केवल एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
04. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
05. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव